बाजारवाद की गुलामी तोड़ मीडिया सामाजिक हितों की रक्षा करे-माठपाल

नैनीताल, 28 सितम्बर। आज समाचार का अर्थ शोक समाचार हो गया है। जहाँ बुराई है वहाँ मीडिया की नजर सिर्फ बुराईयों को प्रचार प्रसार करने में जाती है। मीडिया पूरी तरह बाजारवाद से प्रभावित है। मीडिया को बाजारवाद की गुलामी तोड़ सामाजिक और राष्ट्रहित की रक्षा करनी होगी। उक्त उद्गार पद्यम विभूषण से सम्मानित डा. यशोधर माठपाल जी ने व्यक्त किये। वे प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय नैनीताल द्वारा मूल्यों के माध्यम से मीडिया के सशक्तिकरण विषय पर आयोजित मीडिया सेमिनार को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे।

पुरातत्व के क्षेत्र में राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित डा. यशोधर ने मीडिया पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि आज कुछ ऐसे समाचारपत्र है जो भारतीयता की छवि को तहस-नहस करने में लगे हुए हैं। विदेशों के अखबारों में आज भारतीय संस्कृति को प्रमुखता से स्थान मिलता है। परन्तु भारतीय समाचारपत्रों में यह धीरे-धीरे समाप्त हो गया है। मीडिया अपनी प्रतिबद्धता के तहत राष्ट्र के विकास हेतु पहल करें। आज का मीडिया रइस घरानों के साथ मिलकर समाचारों को बेचने में लगा हुआ है। मीडिया का सबसे बड़ा धर्म देश और मूल्यों को बचाये रखना है। इसके लिए मीडियाकर्मियों को लेखनी से पूर्व यह ध्यान रखना चाहिए।

पूर्व स्वास्थ्यमंत्री अजय भटट ने सुर से सुर मिलाते हुए कहा कि हमारा देश कभी ज्ञान, गुणों और मानवीय मूल्यों की सम्पदा से परिपूर्ण होता जा रहा है। इसलिए इसे पुनर्स्थापित करने के लिए मीडियाकर्मियों को इस जिम्मेवारी का निवर्हन करने का सार्थक प्रयास करना चाहिए। सदा सत्यता और जनहित का ध्यान रखते हुए सामग्री को दर्शकों तक पहुंचाने का प्रयास करना चाहिए। जब लेखनी में आध्यात्मिक मूल्यों का He समावेश नहीं होगा तब हमारा प्रयास सार्थक नहीं हो सकता।

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय भोपाल के पत्रकारिता विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. कमल दीक्षित ने कहा कि आज पत्रकार और पत्रकारिता के कौशल में काफी इजाफा हुआ है, परन्तु मानवीय संवेदनायें नगण्य होती जा रही है। यदि देश में मूल्यों की पुनर्स्थापना करनी है तो इसमें सबकी सहभागिता आवश्यक है। मीडिया बाजारवाद का दोस्ताना बनकर अपनी मुख्य धारा से विमुख होता जा रहा है। मीडियाकर्मियों को अन्तर्मन में जाकर आत्मा के अस्तित्व को स्वीकार इस सत्य को उजागर करना होगा।

मीडिया प्रभाग के कोआर्डिनेटर ब्र. कु. शान्तनु ने मीडिया प्रभाग के कार्यक्रमों से अगत कराया तथा ब्र. कु. कोमल ने ब्रह्माकुमारीज संस्था का परिचय दिया। ब्रह्माकुमारीज संस्था नैनीताल की प्रभारी ब्र. कु. नीलम ने सबका स्वागत किया । इस मौकें पर बहुत से पत्रकार तथ नागरिक उपस्थित थे।